मैं क्या जानू भक्ति क्या है मैंने तो प्रेम किया है

मैं क्या जानू भक्ति क्या है मैंने तो प्रेम किया है,
आओ साई मैंने तुमको दिल से याद किया है,
आओ ना तुम काहे को देर लगाई ,

तेरे भक्त हजारो लाखो मैं ना जानू पूजा,
किसको पुजू तेरे बिन आये नजर न दूजा,
तेरे प्रेम में सुबहो शाम धड़के मेरा जिया है,
आओ साई मैंने तुमको दिल से याद किया है,
आओ ना तुम काहे को देर लगाई ,

तेरे चरणों में संगम है क्यों मैं तीर्थ है जाऊ,
बस जाओ मेरे हिरदये में जब चाहु तब पाउ,
मेरी सांसो की सारंगी करती पिया पिया है,
आओ साई मैंने तुमको दिल से याद किया है,
आओ ना तुम काहे को देर लगाई ,

बुजा हुआ है दीपक मेरा साई आन जगाओ,
पल पल मरता मौत नई नित,
मुझको आन जिआओ,
अपने अश्को से हरष तेरा अभिषेक किया है,
आओ साई मैंने तुमको दिल से याद किया है,
आओ ना तुम काहे को देर लगाई ,

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/13181/title/main-kya-jaanu-bhkti-kya-hai-maine-to-prem-kiya-hai

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |